मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1709

10.03.2025 को उत्तर के लिए

सीएएमपीए कोष

1709. श्री संतोष पांडेय :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (सीएएमपीए) शीर्ष के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य को कितनी राशि आवंटित की गई है;

(ख) क्या वन विभाग सीएएमपीए शीर्ष के अंतर्गत रोपे गए पौधों के बचे रहने की दर से संबंधित आंकड़ों का अनुरक्षण करता है;

(ग) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ के संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(घ) राजनंदगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जिलों में सीएएमपीए शीर्ष से व्यय की गई राशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) राष्ट्रीय काम्पा ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को विगत पांच वर्षों के दौरान राज्य के सार्वजनिक खाते में उपलब्ध 6387.92 करोड़ रुपये की राज्य प्रतिपूरक वनीकरण निधि अंतरित की है।

(ख) और (ग) काम्पा शीर्ष के अंतर्गत रोपे गए पौधों के बचे रहने की दर का ब्यौरा संबंधित राज्य द्वारा रखा जाता है। विगत पांच वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार पौधों के बचे रहने की प्रतिशता नीचे दी गई है :-

वर्ष	**पौधों के बचे रहने की प्रतिशता की सीमा**
2019-20	80%-85%
2020-21	90%-95%
2021-22	90%-95%
2022-23	90%-95%
2023-24	95%-99%
कुल	80%-85%

(घ) छत्तीसगढ़ राज्य से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, राजनंदगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जिलों में काम्पा शीर्ष से व्यय की गई राशि का ब्यौरा **संलग्नक-I** में दिया गया है।

*****

संलग्नक-I

'सीएएमपीए कोष' के संबंध में दिनांक 10.03.2025 को उत्तर के लिए श्री संतोष पांडेय द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1709 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक

राजनंदगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जिलों में काम्पा शीर्ष से व्यय की गई राशि

राशि (रुपये लाख में)

(i)	**राजनंदगांव जिला**	
क्र.सं.	**वर्ष**	**व्यय की गई राशि**
1	2019-20	1416.26
2	2020-21	2606.24
3	2021-22	1838.61
4	2022-23	621.02
5	2023-24	530.65
(ii)	**मोहला-मानपुर-ए चौकी जिला**	
1	2023-24	977.62
(iii)	**खैरागढ़ चुईखदान गंडई जिला**	
1	2019-20	873.96
2	2020-21	1232.19
3	2021-22	2323.99
4	2022-23	976.95
5	2023-24	648.40
(iv)	**कबीरधाम जिला**	
1	2019-20	1304.31
2	2020-21	3397.25
3	2021-22	2734.79
4	2022-23	1481.27
5	2023-24	1745.64
	राजनंदगांव संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों के लिए कुल योग	**24709.16**